खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में मध्यप्रदेश का दमदार प्रदर्शन , *पदकों की झड़ी

गोल्डन थ्रो से चमके गुलाब,मार्टिना और शांति बेन ने भी पदक जीतकर एथलेटिक्स में दिलाई पहचान

भोपाल, 3 अप्रैल, 2026

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में पदक हासिल कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप एवं 800 मीटर दौड़ में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की झोली में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जोड़े।

गुलाब सिंह का जैवलिन थ्रो में स्वर्णिम प्रदर्शन

मध्यप्रदेश के खिलाड़ी गुलाब सिंह ने जैवलिन थ्रो स्पर्धा में 62.80 मीटर की शानदार दूरी तय कर स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में असम के खिलाड़ी प्रमोद को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुलाब सिंह ने पूरे प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन तकनीक, संतुलन और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

मार्टिना लाकड़ा ने लॉन्ग जंप में जीता रजत पदक

महिला लॉन्ग जंप स्पर्धा में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी मार्टिना लाकड़ा ने 5.47 मीटर की छलांग लगाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने अपनी निरंतरता और सटीक तकनीक से प्रतिस्पर्धा में मजबूती से जगह बनाई।

800 मीटर दौड़ में शांति बेन को कांस्य पदक

महिला 800 मीटर दौड़ में शांति बेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। उन्होंने कड़े मुकाबले के बीच धैर्य और गति का बेहतरीन संतुलन दिखाया।

खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

पदक तालिका में मध्यप्रदेश की स्थिति

प्रतियोगिता में अब तक के प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश 2 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ कुल 8 पदक हासिल कर पदक तालिका में 11वें स्थान पर बना हुआ है। खिलाड़ियों का लगातार बेहतर प्रदर्शन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है

खेलवार प्रदर्शन भी रहा मजबूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स में 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य (कुल 4 पदक), कुश्ती में 1 स्वर्ण और 1 कांस्य (कुल 2 पदक), तैराकी में 1 रजत तथा वेटलिफ्टिंग में 1 कांस्य पदक हासिल हुआ है, जो प्रदेश के संतुलित और व्यापक प्रदर्शन को दर्शाता है।

ऐतिहासिक आयोजन में उभरती प्रतिभाएं

उल्लेखनीय है कि देश में पहली बार आयोजित हो रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की मेजबानी छत्तीसगढ़ कर रहा है। यह आयोजन 25 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक रायपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर के जनजातीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

खेलों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

यह प्रतियोगिता जनजातीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रही है, जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि प्रदेश में खेलों के बढ़ते स्तर और सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन का प्रमाण है।

KHELO INDIA TRIBAL GAMES 2026-CHHA
KHELO
INDIA
TRIBAL GAMES 2026
CHHATTISGARH
के जनजातीय खेल!
छत्तीसगढ़ मा सुंदर मेल!
vivo V40e
04/01/2026, 18:31

SHIV-NARESH
KHELO INDIA
1

SHIV-NARESH